प्रेस विज्ञप्ति
जनपद सोनभद्र
दिनांक- 04.09.2023

एसओजी/सर्विलांस एवं थाना करमा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग के 03 नफर अन्तर्जनपदीय तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 225 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये), दो अदद मोटरसाइकिल व नगद रुपये 90,000 बरामद-

डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु व मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त गिरोह के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 03.09.2023 को समय 15.40 बजे मुखबिर की सूचना पर एसओजी/ सर्विलांस टीम व थाना करमा पुलिस सोनभद्र के अथक प्रयास से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग के 03 अभियुक्तों को प्लास्टिक की तीन थैलियों में 225 ग्राम हेरोईन (कीमत रुपया लगभग 25 लाख), 02 अदद मोटर साइकिल व 90,000 रुपये नगद के साथ गनेशपुर तिराहा अंतर्गत थाना करमा से घेरा बन्दी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना करमा पर मु0अ0सं0 89/2023 धारा 8/21 NDPS Act पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पूछताछ का विवरण – गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि वे लोग लखनऊ व बाराबंकी से हेरोईन खरीदकर मीरजापुर के अलावा सोनभद्र में रेनूकुट, शक्तिनगर तथा सिंगरौली मध्य प्रदेश में बेचते हैं, उन लोगों के पास से जो पैसे मिले हैं वे हेरोईन बिक्री के पैसे है। जिसे आपस में बांट लेते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

01. श्याम बाबू सोनकर पुत्र स्व0 राजकुमार, निवासी ग्राम भीटी, थाना राजगढ़, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 26 वर्ष।
02. गोलू उर्फ संजय सोनकर पुत्र गुड्डू सोनकर, निवासी विसुन्धरपुर, थाना कोतवाली शहर, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 22 वर्ष।
03. सिद्धार्थ सोनकर पुत्र रायचन्द, निवासी शाहपुर चौसा, थाना कोतवाली देहात, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 21 वर्ष।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त श्यामबाबू-

01.मु0अ0सं0-572/2016 धारा 323, 325, 504, 506 भादवि, थाना मड़िहान, जनपद मीरजापुर।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त गोलू उर्फ संजय सोनकर-

01. मु0अ0सं0-26/2019 धारा 354(क), 504, 506 भादवि, थाना कोतवाली शहर, जनपद मीरजापुर।
02. मु0अ0सं0- 116/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम, थाना कोतवाली शहर, जनपद मीरजापुर।

बरामदगी का विवरण-

01. 225 ग्राम हिरोईन (कीमत लगभग 25 लाख रुपये)।
02. दो अदद मोटर साइकिल।
03. 90,000/- रुपये नगद।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली टीम –

1. निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, प्रभारी एसओजी/सर्विलांस, जनपद सोनभद्र।
2. प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, थाना करमा, जनपद सोनभद्र।
3. व0उ0नि0 विमलेश कुमार सिंह, थाना करमा, जनपद सोनभद्र।
4. हे0का0जगदीश मौर्या, हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 शशिप्रताप सिंह, हे0का0 सतीश पटेल, का0 प्रेम प्रकाश चौरसिया, का0 अजीत यादव, स्वाट टीम/एसओजी टीम जनपद सोनभद्र।
5. हे0का0 सौरभ राय, हे0का0 प्रकाश सिंह, का0 अमित सिंह सर्विलांस टीम जनपद सोनभद्र।
6. हे0का0 वीरेन्द्र सिंह, हे0का0 बृजेश यादव, थाना करमा, जनपद सोनभद्र।